प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर आज राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश किया जाएगां
- इंडिया स्टोनमार्ट 2026 की आज से जयपुर में शुरूआत–इस संस्करण में पहली बार कई नवाचार प्रदर्शित होंगें
- केन्द्रीय बजट में राजस्थान को रेल नेटवर्क के लिए 10 हजार 228 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जतायां
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम का प्रसारण कल–प्रदेश के सभी स्कूलों में कार्यक्रम को सामूहिक रूप से दिखाने की व्यापक तैयारियां

000

विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर राज्य सरकार की ओर से जवाब प्रस्तुत किया जाएगां इसके अलावा उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवेलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड का 56वां वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा विवरण वर्ष 2024–25 सदन के पटल पर रखेंगें वन राज्यमंत्री संजय शर्मा राजस्थान राज्य वन विकास लिमिटेड का तीसरा वार्षिक प्रतिवेदन सदन के सामने प्रस्तुत करेंगें इसके साथ ही कई समितियों के प्रतिवेदनों का उपस्थापन किया जाएगां

000

जयपुर में आज से इंडिया स्टोनमार्ट–अंतरराष्ट्रीय स्टोन उद्योग प्रदर्शनी शुरु हो रही हैं सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उद्घाटन करेंगें यह प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगीं इसमें 500 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से पत्थर, मशीनरी और नए उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगां इस बार जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल, डिजाइन प्रतियोगिताएं और ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम विशेष आकर्षण होंगें और ब्यौरा दे रही हैं समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी माधुरी वशिष्ठं

000

प्रदेश में ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा हैं यह चरण 9 फरवरी तक चलेगां शिविरों का आयोजन हर गिरदावर सर्किल पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया हैं इन शिविरों में 13 विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल रही हैं अब तक आयोजित शिविरों में 77 लाख से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया हैं किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और स्वामित्व कार्ड वितरित किये जा रहे हैं पशुपालकों के लिए टीकाकरण और पंजीकरण की सुविधा भी शिविरों में उपलब्ध हैं

000

केन्द्रीय बजट 2026–2027 में राजस्थान को रेल नेटवर्क के लिए 10 हजार 228 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया हैं इससे प्रदेश में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा और रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगीं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दीं उन्होंने कहा कि राजस्थान में 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा हैं

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में प्रदेश को दिये गये इस आवंटन के लिए रेलमंत्री का आभार जताया हैं श्री शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे प्रदेश में आधुनिक और मजबूत रेल नेटवर्क का संकल्प साकार होगां

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम कल प्रसारित किया जाएगां श्री मोदी ने सभी से इस कार्यक्रम को देखने की अपील की है, ताकि वे विद्यार्थियों से किये गये उनके रोचक संवादों और भारत के युवाओं की सामूहिक भावना को देख सकें प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से युवा छात्रों से संवाद कियां उन्होंने इस अनुभव को ताजगी भरा और प्रेरणादायक बतायां श्री मोदी ने तनावमुक्त

परीक्षाओं के महत्व पर बल दिया और चुनौतियों से पार पाने, संतुलन बनाए रखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किएं

कार्यक्रम को लेकर प्रदेश में विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा हैं राज्य के निजी और सरकारी स्कूलों में इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से दिखाने की तैयारियां की जा रही हैं कोटपूतली–बहरोड़ जिले के पावटा के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा आरोही ने बताया कि प्रधानमंत्री के सुझावों से उन्हें परीक्षा के लिए नए तरीके सीखने को मिलेंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगां

000

ईडी मामलों की विशेष अदालत ने कल मनी लॉन्ड्रिग मामले में बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव को 7 फरवरी तक रिमांड पर भेज दियां ईडी ने अदालत में कहा कि विधायक पर फर्जी फर्म बनाकर एमएलए फंड से 3 करोड़ रुपए का गबन करने का आरोप हैं गौरतलब है कि ईडी ने अलवर के शाहजहांपुर टोल प्लाजा से पूर्व विधायक को हिरासत में लिया थां ईडी ने मामले की पूछताछ करने के लिए रिमांड की मांग की थीं

000

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी ने जालौर के सांचोर से चार किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन–एमडी जब्त किया हैं ऑपरेशन प्रयोगशाला के तहत ये कार्रवाई की गईं एनसीबी ने बताया कि राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जालोर पुलिस के संयुक्त अभियान में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गयां इस अभियान में बोरोसिलिकेट जार, थर्मामीटर और कृत्रिम दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले अन्य संबंधित सामान सहित कई प्रयोगशाला और औद्योगिक उपकरण भी जब्त किए गएं गौरतलब है कि एमडी कृत्रिम उत्तेजक नशीला पदार्थ हैं

000

सलूम्बर में सुनियोजित शहरी विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं इसी कड़ी में शहर में कृषि मंडी के पास आधुनिक कॉरिडोर–ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगां इसके लिए राज्य सरकार से स्वीकृति मिल गई हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि ये ऑडिटोरियम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत मंजूर किया गया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगें

000